# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–08.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा जोखिम कम करने के लिए पूर्व चेतावनी प्रणाली मजबूत करने का आह्वान किया।**
- **झारखंड सरकार ने आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त किए जाने वाले कर्मियों को सुव्यवस्थित करने के लिए नई नियमावली झारखंड मैनपॉवर प्रोक्यूरमेंट मैनुअल 2025 को किया लागू।**
- **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर मोटापा कम करने के लिए जागरूकता अभियान की शुरुआत की।**
- **जमशेदपुर पुलिस ने दो अलग अलग घटनाओं में 9 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, हथियार और कारतूस भी बरामद।**
- **झारखंड राज्य स्तरीय अंडर–15 बालक–बालिका कुश्ती सह चयन ट्रायल 2025 संपन्न  एक सौ छप्पन खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा।**

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आपदा से बचाव उपायों को मजबूत करने के लिए प्रमुख वैश्विक प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है। इनमें वित्तपोषण और पूर्व चेतावनी प्रणाली और समन्वय को मजबूत करना शामिल है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आपदा बचाव के बुनियादी ढांचे पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन–सीडीआरआई–2025 को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने विकास में लचीलेपन की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि ऐसे बुनियादी ढांचे का निर्माण हो जो आपदा का सामना करने में सक्षम हो। श्री मोदी ने पूर्व चेतावनी प्रणालियों के निर्माण के लिए 25 विकासशील लघु द्वीप देशों के साथ जारी सीडीआरआई के काम को रेखांकित किया।

********************

झारखंड सरकार ने आउटसोर्सिंग के माध्यम से नियुक्त किए जाने वाले कर्मियों को सुव्यवस्थित करने के लिए नई नियमावली जारी कर दी है। झारखंड मैनपॉवर प्रोक्यूरमेंट मैनुअल 2025 के तहत अब सभी विभागों को आउटसोर्स मैनपॉवर की नियुक्ति इसी मैनुअल के आधार पर करनी होगी। इसके लिए वित्त विभाग ने एसओपी तैयार कर कई शर्ते भी तय की है। इस मैनुअल के अनुसार मैनपॉवर की नियुक्ति में अब राज्य सरकार के आरक्षण नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। एकल पद होने की स्थिति में स्थानीय स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता मिलेगी।

********************

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक खानपान के माध्यम से मोटापा रोकने के, भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण के, जागरूकता अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान  बेंगलुरु में विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस समारोह के साथ आरंभ हुआ। केन्द्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत तभी विकसित बन सकता है, जब उसके नागरिक स्वस्थ रहें। केंद्रीय मंत्री ने समारोह के दौरान ईट राइट नामक एक पुस्तक का लोकार्पण किया।

********************

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों द्वारा संचालित एक दशक के उल्लेखनीय परिवर्तन को देखा है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। आज, हम वित्तीय सुधारों पर चर्चा करते हैं जिन्होंने मध्यम वर्ग को सशक्त बनाया है। एक रिपोर्ट–

********************

झारखंड विधानसभा की गैर सरकारी संकल्प समिति ने बोकारो में जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समिति के सभापति राज सिन्हा ने विकास कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की। उन्होने कहा कि जिले में दो वर्ष से फंड जारी नहीं किए जाने की वजह से विकास कार्य अवरुद्ध है।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि झारखंड में जनजातीय समुदाय की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है। राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए श्री दास ने कहा है कि राज्य का आदिवासी, पिछड़ा और दलित समाज ठगा महसूस कर रहा है। उन्होने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द पेसा कानून लागू किया जाए।

********************

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जमशेदपुर में पहली बार ड्रोन से पौधारोपण किया गया। इसकी शुरुआत चांडिल वन क्षेत्र के कुशपुतुल से की गई।

********************

जमशेदपुर के सिदगोड़ा और टेल्को में छिनतई और चोरी करने वाले गिरोह के सात सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो मैगजीन, आठ कारतूस और एक कार जब्त की गई है। उन्होने बताया कि साकची थाना क्षेत्र के वीटू शॉपिंग मॉल के पास 31 मई की रात हुई फायरिंग की घटना मामले में भी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

********************

झारखंड में मानसून का प्रवेश अब 20 जून तक होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार बंगाल की खाड़ी में पिछले कुछ दिनों से कोई सिस्टम नहीं बनने की वजह से मानसून के प्रवेश में देरी हो रही है। उन्होने बताया कि 16 जून से बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने की संभावना है। इधर, मौसम विभाग ने आज से 13 जून तक राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। लेकिन यह भी कहा कि अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में 4 डिग्री तक बढ़ोत्तरी की संभावना है।

********************

झारखंड राज्य स्तरीय अंडर–15 बालक–बालिका कुश्ती प्रतियोगिता सह चयन ट्रायल राँची के मोरहाबादी स्थित कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र में संपन्न हुआ। इस ट्रायल में राज्य के विभिन्न जिलों से कुल 156 पहलवानों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन झारखंड राज्य कुश्ती संघ और खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस ट्रायल के आधार पर चयनित 20 बालक और 10 बालिका पहलवानों को 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाएगा।

********************

**<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>**

अखबारों की सुर्खियां रांची से प्रकाशित अधिकांश अखबारों ने शराब घोटाले में चल रही एसीबी जांच की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**प्रभात खबर ने लिखा है** सारंडा वन्य क्षेत्र में 4 मिलियन टन लौह अयस्क भंडार।

**दैनिक भास्कर की सुर्खी है** डेमोंस्ट्रेटर को बना दिया असिस्टेंट व एसोसिएट प्रोफेसर अब होंगे डिमोट।

**हिंदुस्तान लिखता** है झारखंड की शराब नीति बनाने में कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया सहित कई को नोटिस।

**दैनिक जागरण ने लिखा है** साढ़े सात हजार वकीलों को सत्यापन फॉर्म भरने का मिल सकता है अंतिम मौका।

*********समाप्त**********